तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

11 दो दिन पहले के तूफान से बिगड़ी बिजली, सफाई...



12 फिटनेस से मानसिक शांति, आत्मिक ऊर्जा व भावनात्मक...





B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

## जांता के 6 वैज्ञानिक विद्यार्थियों को भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय व नासा इसरो के वैज्ञानिकों ने सम्मानित किया

### डीएवी के छात्रों ने रचा इतिहास यंग साइंटिस्ट इंडिया आवार्ड चेन्नई के ग्रैंड फिनाले में हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता बेमेतरा के छात्र- छात्राओं ने अपनी नवाचारी प्रतिभा से देश में इतिहास रचकर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर पूरे बेमेतरा जिला गौरवान्वित हुए है। डीएवी जांता के 6 विद्यार्थियों ने अपने नवाचार व वैज्ञानिक प्रतिभा से देश मे लोहा मनवा दिया हैं। उल्लेखनीय है कि युवा वैज्ञानिकों के लिए स्पेस किड्ज इंडिया व स्पेस मिशन, अटल इनोवेशन मिशन और शिक्षा नीति आयोग के सहयोग से आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया के ग्रैंड फिनाले प्रोग्राम में डी ए वी बेमेतरा के 6 विद्यार्थियों ने ग्रैंड फिनाले के फाइनल में स्थान बनाया। स्पेस किट्ज इंडिया, यंग सांइटिस्ट इंडिया के प्रमुख डॉ केसन, नासा इसरो के वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष यात्रियों, तमिलनाडु के शिक्षा मंत्रीअंबिल महेश पोय्यामोझी सहित भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के ओर से उपस्थित अतिथियों ने इन युवा वैज्ञानिकों को सम्मानित किया।इन युवा वैज्ञानिको को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी से सभी को नवाजा गया। यह दो दिवसीय यंग साइंटिस्ट इंडिया ग्रैंड फ़िनाले प्रोग्राम विशेष रूप से युवा विज्ञानिकों के लिये आयोजित किया गया जिसमे हाई स्कूल के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रतिभा व जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना था। नेशनल स्पेश डे सेलेब्रेशन के यह विशेष आयोजन व यंग साईटिस्ट इंडिया के 11 वे संस्करण के उपलक्ष्य में तमिलनाडू के अन्नाई टेरेसा ▶▶| शेष पेज 10 पर




#### शिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण

विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने कहा, हमारे बच्चों ने वैज्ञानिक सोच और नवाचार की जिस तरह प्रस्तुति दी है, वह गर्व का विषय है। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में ये बच्चे अब राष्ट्रीय से ऊपर उठ कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। छात्रों की इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षकों का मार्गदर्शन और प्रेरणा महत्वपूर्ण रही। विद्यालय के नवाचारी अध्यापकों में अमित कुमार साहू, विमल साहू, आयुषी जैन, गोविन्द साहू व अभिषेक दुबे ने विद्यार्थियों को मॉडल निर्माण, प्रस्तुति और समस्या समाधान की दिशा में निरंतर सहयोग दिया।

### खबर संक्षेप



#### जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में बेरला प्रथम

**बेमेतरा/बेरला।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा से संबंधित जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड स्तर पर चयनित जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने बहुत उत्साह एवं ऊर्जा के साथ वाद विवाद प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बेरला एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला के छात्र छात्राओं के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जोन स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुरक्षित किया। इस आयोजन में निर्णायक के रुप में जिला के एसपी, एएसपी, पार्षद नीतू कोठारी, समाजसेवी माहेश्वरी, प्राचार्य पीएमश्री सेजेस राठी सुदेशा चटर्जी, प्राचार्य पीएमश्री सेजेस बेरला अर्चना साव उपस्थित थे। निर्णायक मंडल के द्वारा बच्चों के वाचन शैली, शब्द संग्रह, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति एवं सर्वांगीण प्रस्तुतिकरण के आधार पर जोन स्तरीय हेतु चयनित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा चतुर्वेदी, सहायक संचालक एसपी कोसले, चारों विकासखंड के बीआरसी एवं प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। पीएमश्री सेजेस बेरला के प्राचार्य के द्वारा जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बच्चों को और भी अच्छा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दिया गया।

#### चाकू दिखाकर डरा धमका रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शास्त्री चौक दुर्ग निवासी ,पिपरा पार्क दुर्ग धीरज कुमार ठाकुर , सिकोला बस्ती योगेश मरकाम, बजरंग पारा उरला तुलेश बघेल उर्फ मोटू को पकड़ा गया है। आरोपी बैजनाथ पारा, गंजपारा, सिकोला बस्ती दुर्ग, बीडी कालोनी में चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहे थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है।

#### एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार चापड़ दिखाकर डराने धमकाने वाले को उतई पुलिस ने पकड़ा। आरोपी दुरनो सोना पिछले करीब एक वर्ष से फरार था। मामले में जोरातराई निवासी टीकाराम पिता शांतिलाल सोना ने शिकायत की थी। उतई पुलिस ने बताया कि वह जोरातराई के मार्केट से पैदल अपने घर जा रहा था। तभी आरोपी दुरनो सोना व आकाश सिनने अपने हाथ में चापड़ जैसा धारदार हथियार दिखाकर डराने लगे। वे बोले कि तुम्हारा भाई कल विवाद किया था। तुम्हारे भाई और तुम्हारे परिवार का जो भी मिलेगा, उसे जान से मार देंगे। पुलिस ने मामले में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट दर्ज के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी आकाश सिनने को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

### मांग : राजधानी में विशाल रैली सरकार को दी चेतावनी, जिले के कर्मचारी शामिल हुए

## एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन उग्र, अब विधायक-मंत्रियों के बंगले घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन अब और भी उग्र हो गया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक वे अपना विरोध जारी रखेंगे। अब उन्होंने विधायक और मंत्रियों के बंगलों का घेराव करने की भी तैयारी कर ली है। कर्मचारियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार ने कई वादे किए थे, जिन्हें मोदी की गारंटी के रूप में प्रचारित किया गया था। इन वादों को पूरा न किए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। संघ का दावा है कि 160 से ज्यादा बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी के चलते 18 अगस्त से प्रदेश के 33 जिलों में लगभग 16,000 कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हाल ही में, रायपुर और दुर्ग संभाग के साथ बेमेतरा जिले के 13 कर्मचारी रायपुर के तुता धरना स्थल पर शामिल हुए। उन्होंने /"मोदी की गारंटी लागू करो लिखे पंपलेट आम जनता में वितरित किए, ताकि लोग उनके आंदोलन के बारे में जान सकें।




#### स्वास्थ्य सेवाएं ठप, आम जनता परेशान

इस हड़ताल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं, जिससे आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के उस दावे को कर्मचारियों ने भ्रामक बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पांच मांगें पूरी कर दी गई हैं। कर्मचारियों ने मंत्री से लिखित आदेश जारी करने की मांग की है। इस स्थिति से सरकार और कर्मचारियों के बीच टकराव बढ़ गया है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ रहा है।

#### प्रमुख मांगें और सरकार पर आरोप

कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, लंबित 27% वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य 10 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान उन्हें पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की का भी सामना करना पड़ा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी और जिलाध्यक्ष बेमेतरा पूरन दास ने कहा की हम अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं और सरकार का दमनकारी रवैया हमें डरा नहीं सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी माँगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## बेमेतरा में खाद की कालाबाजारी कृषि केंद्र का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक कीमतों पर बिक्री को रोकने के लिए प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में, ग्राम टेमरी स्थित मेसर्स साधना कृषि केंद्र का उर्वरक प्राधिकार पत्र 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक राकेश कुमार चतुर्वेदी ने जब साधना कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया, तो कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। केंद्र में स्टॉक पंजी और बिल बुक अधूरी पाई गई, और मासिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की गई थी। सबसे बड़ी अनियमितता यह थी कि पीओएस मशीन में भारी मात्रा में यूरिया, एमओपी और एनपीके जैसे उर्वरकों का स्टॉक दिख रहा था, जबकि भौतिक रूप से स्टॉक शून्य पाया गया। इन अनियमितताओं के लिए जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का भी कोई जवाब नहीं दिया गया।

#### लगातार हो रही है कार्रवाई

इन अनियमितताओं को गंभीर मानते हुए, प्राधिकृत अधिकारी सह उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना ने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत केंद्र का लाइसेंस 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। निलंबन की इस अवधि के दौरान, केंद्र किसी भी प्रकार के उर्वरक का भंडारण या विक्रय नहीं कर पाएगा।
जिले में अब तक 83 उर्वरक केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 3 लाइसेंस रद्द और 3 निलंबित किए जा चुके हैं। प्रशासन ने किसानों को खाद की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष व्यवस्था की है। कृषि अधिकारियों की उपस्थिति में, पिछले दो दिनों में लगभग 264 किसानों को 580 क्विंटल यूरिया वितरित किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को खाद की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और जमाखोरी या कालाबाजारी करने वालों पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

#### तीन अपचारी बालकों से 1.35 लाख की तीन बाइक जब्त

**भिलाई।** बाइक चोरी मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालको को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर संदेहियों को पकड़कर पूछताछ करना शुरु किया। पकड़े गए तीन बालक अपचारी निकले। उनके पास से पुलिस ने तीन बाइक जब्त किया। जिसकी कीमत 1.35 लाख रुपए का है। जब्त बाइक में सीजी 07 एलवाई 3891, सीजी 07 बीएफ 0443, सीजी 07 बीएस 9944 है।

## सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/ बेरला

शनिवार को जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद (कन्या) हिंदी माध्यम विद्यालय में सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा विषय पर एक जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के कई हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिंघौरी, बेमेतरा के छात्रों ने दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। विजेता टीम में लावण्या बारले, अनुश्री कश्यप, माधवी मांडवी, भविष्य चतुर्वेदी, मायूर वर्मा और तनिष्का नामदेव शामिल थे। इन छात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। अब यह टीम 6 सितंबर, 2025 को दुर्ग में होने वाली संभाग स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के प्राचार्य श्री राम गोपाल चंद्राकर, प्रभारी शिक्षक विनोद कुमार साहू, सीएससी धनीराम बंजारे और सभी शिक्षकों को दिया गया है।



#### थान खम्हरिया में गणेश उत्सव की धूम

**थान खम्हरिया।** नगर में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। शहर के सभी 15 वार्डों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में भी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। स्व. ठाकुर महाराज से महाविद्यालय और सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संस्थानों में भी विधि-विधान के साथ गणेश जी की स्थापना हुई।

## थानखम्हरिया में नवजात को फेंकने की घटना से हड़कंप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

24 अगस्त को थानखम्हरिया नगर में हुई दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। अज्ञात आरोपी ने नवजात शिशु को फेंक दिया। इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई है। घटना के विरोध में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता शुक्रवार को थाना पहुंचे और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने से पहले कार्यकर्ताओं ने घटनास्थल का दौरा किया और जय स्तंभ चौक पर नवजात शिशु को श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया। उन्होंने कहा कि यह अमानवीय कृत्य समाज के लिए शर्मनाक और निंदनीय है। इस दौरान जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पटेल, नगर अध्यक्ष सूर्या सिंह चौहान, पार्थ मानिकपुरी, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष निलेश साहू, ब्लॉक अध्यक्ष साजा श्रवण कुमार साहू, लुकेश्वर साहू, डॉ डागेश्वर निषाद, रूपेश साहू, त्रिलोक साहू, वीरसिंह साहू और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे ने आश्वासन दिया कि जांच तेज़ी से चल रही है। डॉक्टरों, मितानिनों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से हर पहलू की जांच की जा रही है। दोषियों को पकड़ने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने 15,000 रुपये और थाना प्रभारी ने 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया। सुराग देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।



### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी निकाली, भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु

## भागवत कथा से मिलती है आत्मिक शांति : पं. राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम मुरता में स्वर्गीय सेम कुमार साहू की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण और वार्षिक श्राद्ध महोत्सव में शनिवार को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का दिव्य प्रसंग मनाया गया। इस दौरान कथा स्थल पर मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास पंडित राजेंद्र प्रसाद दुबे ने श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी ने बचपन से ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया था। जब उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय किया, तो रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को संदेश भेजा। श्रीकृष्ण ने शिशुपाल की बारात आने से पहले ही रुक्मिणी का हरण किया और बाद में द्वारका पहुंचकर उनसे विवाह रचाया। पंडित दुबे ने कहा कि यह प्रसंग दिखाता है कि सत्य और सच्ची भक्ति की हमेशा जीत होती है।



**भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु-** रुक्मिणी विवाह की झांकी सजते ही पूरा पंडाल भक्ति-भाव से भर गया। महिलाएं मंगलगीत गा रही थीं, वहीं पुरुष भजन-कीर्तन में झूम रहे थे। श्रद्धालुओं की तालियों की गड़गड़ाहट और जयकारे देर तक गूंजते रहे। इस भव्य आयोजन में कथा यजमान महादेव साहू और कमला बाई साहू के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम 1 सितंबर, सोमवार को सहस्त्रधारा और प्रीति भोज के साथ समाप्त होगा।

#### विधि-विधान से हुई गणपति बप्पा की स्थापना

**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में इन दिनों भगवान श्री गणेश गणपति बप्पा का श्री विग्रह वेद मंत्र एवं नाम मत्रौचार के साथ विधिः विधान पूर्वक के साथ स्थापित किया गया है, जहां भगवान श्री गणेश स्थापना पर पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है, जहां पंडालों के अलावा घरों में भी भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई।



## प्रमाणित बीज बनेगा किसानों के लिए लाभकारी व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पंजीयन की अंतिम तिथि आज

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा किसानों को खरीफ मौसम में अधिक लाभ कमाने का एक बेहतर मौका दिया जा रहा है। बीज उत्पादन कार्यक्रम' के तहत किसान सामान्य फसल की तुलना में प्रति एकड़ अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। कृषि विभाग के अनुसार, प्रमाणित बीज के उपयोग से उत्पादन में 10 से 15% की वृद्धि होती है, जिससे किसानों को सीधा फायदा होता है।

जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ या उससे अधिक भूमि है, वे छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में मामूली शुल्क देकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए किसानों को अपने संबंधित जिले के बीज प्रक्रिया केंद्र में संपर्क करना होगा। पंजीयन कराने वाले किसानों को बीज उत्पादन की पूरी तकनीकी जानकारी प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा दी जाएगी।

**अधिक लाभ और निश्चित आय-**बीज निगम द्वारा बीज की खरीदी दरों में सामान्य समर्थन मूल्य से अधिक राशि दी जाती है। पिछले खरीफ सीजन में धान की मोटी किस्म पर किसानों को लगभग 743 प्रति क्विंटल का अधिक लाभ मिला। इसका सीधा फायदा एक एकड़ पर करीब 15,603 और एक हेक्टेयर पर 40,000 रुपये तक हुआ। फसल जमा करने के एक सप्ताह के भीतर किसानों को कुल मूल्य का लगभग 60% अग्रिम भुगतान मिल जाता है, और बाकी की 40% राशि बीज परीक्षण के बाद लगभग 2 माह में दी जाती है।

खबर संक्षेप


दुर्ग। जय मां शीतला गणेश उत्सव समिति गांधी चौक ग्राम कोटनी।


दुर्ग। जय मां शीतला गणेश उत्सव समिति शीतला पारा रसमड़ा दुर्ग।

## कांवरियों का किया गया स्वागत



**दुर्ग।** ऋषि पंचमी के पावन पर्व पर पारिवारिक कांवरिया द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवनाथ नदी से जल लेकर छतागढ़ मंदिर में जाते हैं शिव नाथ नदी का जल शंकर जी में चढ़ाते हैं कहां कांवरियों का स्वागत चौक चौराहे पर हर जगह किया जाता है। इसी कड़ी में शिव पर बजरंग चौक में कांवरियों का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में पूर्व पार्षद राजकुमार वर्मा, मीना राजपूत, खुशबू राजपूत, डाली, सरस्वती ढीमर, रीना, शांति यादव, पुष्पा यादव, नीतू, साधना, ममता, ढीमर, किशन सिंह राजपूत, सीखपाल पटेल, राजू सोनी आदि ने कांवरियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।

## सुमईया अर्शी को पीएचडी की दी गई अवार्ड

**भिलाई।** अय्यप्पा नगर निवासी डॉ. सुमईया अर्शी को पीएचडी की उपाधि मिली है। उनके कोलन



कैंसर (एंटी कैंसर) शोध पर यह उपाधि प्राप्त की गई। नेशनल एवं इंटरनेशनल जर्नलों में भी उनका लेख प्रकाशित हुआ। यह शोध कार्य डॉ. सुषमा दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. सुमईया अर्शी ने टारो प्लांट अरबी के पत्तों से अध्ययन में पाया गया कि इस पौधे में मौजूद जैव सक्रिय यौगिक कैंसर रोधी गुणों से युक्त हैं॥ कैंसर उपचार में संभावित रूप से उपयोगी हो सकते हैं। उनके इस शोध ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लिए हर्बल चिकित्सा और प्राकृतिक औषधियों की नई संभावनाओं को उजागर किया है। डॉ. सुमैया अर्शी की इस उपलब्धि से न केवल अय्यप्पा नगर और दुर्ग जिले का गौरव बढ़ा है, चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है।

# दो दिन पहले के तूफान से बिगड़ी बिजली, सफाई व्यवस्था आई पटरी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दो दिन पहले आए आंधी-तूफान ने जिले में बिजली आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया।लगभग 71 स्थानों पर पेड़ की शाखाएं बिजली के तारों पर गिरे। 64 बिजली बिजली खंभों को नुकसान पहुंचा। बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया है। 26 अगस्त की रात करीब साढ़े 11 बजे आंधी-तूफान की वजह से दुर्ग रीजन के 133 क्षेत्र के फीडर ट्रिप हो गए थे। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी एवं आउटसोर्स कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। सुधार कार्य शुरू किया गया। उन्होंने लगभग 188 जगहों से एचटी और एलटी लाइनों पर गिरी पेड़ों की शाखाओं को हटाया। इस तूफान में 64 बिजली के खंभे (दो 33 केवी, छः 11 केवी एवं 56 एलटी के खंभे) क्षतिग्रस्त हुए। 750 ट्रांसफार्मरों के डीओ फ्यूज और 908 ट्रांसफार्मरों के एलटी फ्यूज उड़ गए। ऋषभ नगर दुर्ग, रुआबांधा, पुष्प वाटिका, आनंद नगर, आदर्श नगर, नेहरु नगर, डुन्डेरा, सिविल लाइन डी-वन, शिव मंदिर बोरसी, स्मृति नगर भिलाई आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सबसे ज्यादा प्रभावित हुई।

## 71 जगहों पर बिजली तारों पर गिरी पेड़ों की टहनियां, 64 बिजली खंभों को नुकसान

### पहले लाइन चालू की गई, फिर किया गया मेंटेनेंस

पहले सभी 33 केव्ही फीडर्स को सेक्शनलाइज कर अधिकतम क्षेत्र चालू किया गया। उसके बाद फाल्ट दुरुस्त कर शेष लाइन भी शुरू की गई। सभी जोन में डीओ फ्यूज, एलटी फ्यूज बनाने के लिए गैंग बनाकर तथा फ्यूज ऑफ कॉल ठेकेदार से अतिरिक्त गैंग लेकर मेंटेनेंस कराया गया। स्काई लिफ्ट वाहन एवं कर्मचारियों की मदद से लाइनों में गिरे पेड़ों को काटकर हटाने एवं तारों में अटके फ्लेक्स और झंडे को हटाकर लाइन चालू किया गया। 27 अगस्त की सुबह तीन बजे तक काम पूरा कर लिया गया।



### मोर बिजली एप से मिली शिकायतों का निराकरण

बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर मोर बिजली एप में मिली शिकायतों का निराकरण किया। मुक्त नगर बोरसी निवासी सेवानिवृत्त न्यायाधीश मैत्री माथुर ने कहा कि आंधी-तूफान की वजह से हमारे घर के सामने एक बड़ा पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया था, जिससे टूटे हुए तार सड़क पर पड़े थे। इससे राहगीरों को खतरा था। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था से मेंटेनेंस हुआ। उन्होंने कहा कि सफलता तभी मिलती है जब आप कड़ी मेहनत करते हैं। पूरी तरह समर्पित रहते हैं, ऐसे ही लोग हमारे देश को तेजी से प्रगति की ओर ले जा रहे हैं।

### उपभोक्ताओं से की सहयोग की अपील

दुर्ग रीजन के मुख्य अभियंता श्री संजय खंडेलवाल ने जनता से अपील की है कि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं के समय धैर्य रखें। बिजली कर्मियों को सहयोग दें, क्योंकि सुधार तथा आपूर्ति बहाली का कार्य मानवीय श्रम से ही संभव होता है। विद्युत संचालन-संधारण की कार्यदशाओं और विपरीत मौसम में होने वाले जोखिम को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के लिए उनका मनोबल बना रहे। प्राकृतिक आपदाओं से बिजली वितरण प्रणाली पर असर पड़ता है। ऐसे में उपभोक्ताओं का धैर्य ही कर्मियों का मनोबल बनाए रखता है।कड़ी मेहनत करते हैं।

एमआईसी की बैठक में पेयजल आपूर्ति, बिजली सप्लाई और सफाई पर भड़कीं महापौर

# सफाई पर स्वास्थ्य अधिकारी को लगाई फटकार व्यवस्था सुधारे नहीं तो कार्रवाई का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में लचर सफाई व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को महापौर अल्का बाघमार ने एमआईसी की बैठक में जमकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को जमकर फटकार लगाई। स्पष्ट शब्दों में कहा कि लगातार पार्षदों और शहरवासियों द्वारा शिकायत की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम जब वार्डों में निरीक्षण के लिए जाते हैं, तो सब कुछ सही नजर आता है, लेकिन बाकी समय सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को दो टूक कहा कि निगम में और भी कर्मचारी और अधिकारी हैं, जो काम करने को तैयार हैं। यदि तीन महीने के अंदर व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो उन्हें सोचना पड़ेगा। उन्होंने आधी अधूरी तैयारी के साथ एमआईसी की बैठक में आने वाले अफसरों पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार पूरी तैयारी के साथ बैठक में आएं, अन्यथा उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने उपादान के प्रकरण की लेटलतीफी पर भी नाराजगी जताई।

तत्काल फाइल अपडेट कर प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने का कि छुट्टी के दिन भी काम करें और उपादान का प्रकरण पूरा करें। एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, शिव नायक, शशि साहू, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, गिरीश दीवान, रेवाराम मनु सहित अन्य मौजूद थे।

## नगर निगम के डाटा सेंटर में महापौर परिषद की बैठक में जरूरी मुद्दों पर चर्चा



### तीन सलाहकार वकीलों को रखने का निर्णय

बैठक में तीन सलाहकार वकीलों की नियुक्ति पर भी सहमति बनाई गई है। इसमें दो की नियुक्ति को लेकर निर्णय लिया गया। वहीं एक वकील को लेकर शहर में निवासरत मंत्री गजेंद्र यादव की अनुमति के बाद अंतिम निर्णय लिए जाने की बात कही गई। बैठक में वार्ड-21 स्थित बुधवारी बाजार में चेकर टाइल्स लगाने को लेकर हुई त्रुटि को भी सुधारा गया। बता दें कि करीब 19.74 लाख की लागत से टाइल्स लगाए गए हैं, लेकिन वार्ड-21 की जगह वार्ड-51 अंकित हो गया था, जिसे सुधारा गया।

### नया बस स्टैंड की 72 दुकानों में अवैध निर्माण, निगम लगाएगा पेनल्टी

बैठक में नया बस स्टैंड स्थित 72 दुकानों का मामला भी सामने आया। निगम ने यह 6-8 फीट की दुकानें आवंटित की है। वर्तमान में इन दुकानों का स्वरूप बदल गया है। ज्यादातर दुकानदारों ने अतिरिक्त निर्माण कर लिया है। जांच में पाया गया कि कई दुकानदारों ने दुकानों के मूल स्वरूप में परिवर्तन कर पीछे की ओर अतिरिक्त निर्माण कर लिया है। एमआईसी ने निर्णय लिया कि कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार प्रीमियम राशि वसूल की जाएगी। मूल स्वरूप में परिवर्तन करने पर अर्थदंड लगाया जाएगा।

### लीकेज पाइपलाइन का हो मेंटेनेंस, लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्टेड, दिए निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने बैठक में साफ शब्दों में कहा कि शहर की पाइपलाइन समस्या हो या निर्माण कार्य, यदि ठेकेदार समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करते तो उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य जनता को समय पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई और बिजली सप्लाई व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कर्मचारी या तो सीधे वार्डों में जाकर प्रकाश व्यवस्था की जांच करें अथवा संबंधित पार्षदों से संपर्क करें। इससे अंधेरे वाले क्षेत्रों की पहचान कर तत्काल सुधार कार्य किया जा सकेगा।

# खिलाड़ी मिले सांसद से खेल दिवस की दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कॉराकुजूबो काई कॉन फुल कॉन्टैक्ट कराते एंड योग एसोसिएशन के डायरेक्टर सेंसाई गिरी राव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सांसद विजय बघेल से मिला।

इस दौरान उन्हें खेल दिवस की बधाई दी। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में सीनियर ब्लैक बेल्ट, ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक गण एवं संस्था के राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे। विजय बघेल ने खेल से जुड़ी जानकारी ली। इस अवसर पर दीपक गुप्ता, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, मनोज नेताम, अनुज दहाते, विधि मिश्रा, काजल बेहरा, रविकांत दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# रुआबांधा में 19.12 लाख से बने डोमशेड का लोकार्पण

**भिलाई।** रिसाली निगम के वार्ड 2 रुआबांधा उत्तर रिसाली स्थित ज्ञानोदय स्कूल गाँधी चौक के पास 19.12 लाख की लागत से निर्मित डोम शेड का दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विधिवत लोकार्पण किया। ललित चंद्राकर ने उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों को विकास कार्य के सफल संपन्न होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही उपस्थित माताओं को पारंपरिक तीजा त्योहार की मंगलकामनाएँ अर्पित करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा, पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल राकेश त्रिपाठी, दशरथ साहू, हीरालाल सिन्हा, विक्रम सिंह, बसंती साहू, राजेश्वरी, कमला टंडन, नारायण राजपूत, सुखीराम साहू, वेदप्रकाश सार्वा, राजू निर्मलकर सहित अन्य मौजूद थे।



# दसलक्षण पर्वः अष्टद्रव्य के साथ विधानमंडल पर मंगल कलश की स्थापना, विधिपूर्वक पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- दिगंबर जैन महासभा सेक्टर-6 का आयोजन

धर्म दिवस पर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म के जयकारा के साथ पंडित विवेक जैन के अमृत वचनों से भक्तों ने शांति धारा किया। भगवानन संभव नाथ, पारसनाथ और आदिनाथ भगवान के मंगल अभिषेक किया गया। पार्श्वनाथ भगवान के गर्भकल्याणक दिवस पर गौरवशाली उपस्थिति के मध्य भक्त महिला और पुरुष पुरुषों ने भक्ति भाव के साथ 10 लक्षण धर्म का पूजन किया गया। जिनेंद्र भगवान के समूह शरण में अष्टद्रव्य के साथ विधानमंडल पर मंगल कलश की स्थापना की गई। उन्हें श्रीफल अर्पण किया गया। पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा सेक्टर 6 के उपाध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि 10 लक्षण धर्म दिवस मनाया जा रहा है। इधर पं. विवेक जैन ने कहा कि हम सभी आज उत्तम मारदव धर्म की सीख लें। अपने से छोटे और बड़ों का सम्मान करें। संयम के साथ बगैर किसी राग द्वेष के अपना जीवन का निर्वाह करें। इस अवसर पर प्रमोद, प्रदीप, साधना, अरुण, सुनीता, अक्षत जैन, भारत जैन, कमल जैन, प्रेमचंद सहित अन्य मौजूद थे।



# सुपेला देशी शराब दुकान के पास अवैध अहाता

## प्रतिबंधित प्लास्टिक का हो रहा है उपयोग, नहीं किया गया कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देशी शराब दुकान सुपेला के पास अवैध रुप से अहाता संचालित हो रहा है। इस पर आबकारी विभाग की सांठगांठ से इंकार नहीं किया जा सकता है। अवैध अहाता को लेकर आबकारी की मेहरबानी दिख रहा है। जबकि यह अहाता करीब दो माह से चल रहा है।

इसे लेकर स्थानीय लोगों ने विभाग तक में शिकायत किया है मगर आज तक अहाता बंद नहीं हो पाया है। सुपेला के इस अवैध अहाता से शाम होते ही शराबियों की भीड़ सड़क तक आ जाती है। जिससे सड़क हादसा होने की संभवना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस अवैध अहाता में पहुंचने वाले शराबियों के कारण आने जाने वाले महिला, युवतियों तक को कई कमेंट सुनना पड़ता है। बावजूज आबकारी विभाग आहता पर मेहरबानी बनी हुई। अवैध अहाते से राजस्व का भी नुकसान होने के बाद भी कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

शाम ढलते ही अवैध अहाते में शराबियों की इतनी भीड़ हो जाती है आने जाने वालों से कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो जाया करती है। आहते में शराबी बेखौफ होकर शराब पीते को आसामी से देखा जा सकता है। सुपेला के देशी शराब दुकान के सामने चल रहे अवैध अहाते से आसपास के लोग भी खासे परेशान हो रहें है। दिन भर शराब के नशे में लोगों का आना जाना चला रहता है। लोगों की समझाइश के बाद भी अवैध अहाता चलाने वाले पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।



### रोज लगता है जाम

सुपेला सड़क से लगे अवैध अहाते को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। अवैध अहाते के कारण सड़क पर रोज जाम लगती है। आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मगर न पुलिस, निगम और न ही ट्रैफिक कार्रवाई करती है। ये सभी विभाग बडे हादसा होने का इंतजार कर रहें है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंत्री गजेंद्र ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# दुर्ग की बदलेगी तस्वीर, खिलाड़ी बनाएंगे विश्व स्तर पर पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- खेल दिवस पर यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजन

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शुक्रवार को खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर विशेष रूप से मौजूद थे। यादव ने विद्यार्थियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रतिदिन किसी न किसी खेल गतिविधि में सहभागी बनने की अपील की। यादव ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को पूरे देश में खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी साझा की।

### प्रतिभाओं को उपलब्ध करा रहे संसाधन

गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग जिले में खेल प्रतिभाओं के लिए निरंतर आधारभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम को बीसीसीआई द्वारा दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण पूर्ण हो गया है। जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। स्टेशन रोड में स्वीमिंग पूल का निर्माण कराया जा रहा है। नयापारा में अत्याधुनिक जिम प्रस्तावित है। नाना नानी पार्क के पास जॉगिंग ट्रैक भी तैयार होने वाला है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सुविधाओं के माध्यम से दुर्ग जिले के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।





### यूनिवर्सिटी के 34 खिलाड़ी सम्मानित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के 34 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिताओं में विजेता होने पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में साइंस कॉलेज के प्रतिनिधि शिवेंद्र परिहार, पार्षद अरुण सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी, पूर्व कुलपति एनपी दीक्षित, साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# गुरु बालक दासजी की जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला सतनामी समाज ने वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी की जयंती शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरी इस दौरान अनुयायियों द्वारा राजा गुरु बालक दास के जयकारे लगाते रहे। वही जिला चिकित्सालय परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान किए। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक ओर सेवाभावी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया और समाज को मानव सेवा का सशक्त संदेश दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुई ओर कहा कि —



"रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। आप सभी दानवीर समाज के लिए प्रेरणा हैं, जिन्होंने अपनी अमूल्य भागीदारी से मानवता की सेवा की मिसाल पेश की है।"उन्होंने शिविर में उपस्थित प्रत्येक रक्तदाता का स्वयं उत्साहवर्धन किया और उन्हें उनके योगदान के लिए सम्मान स्वरूप प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद कई जीवन बचा सकती है और ऐसे अवसर समाज को नई दिशा देने में सहायक होते हैं।

इस अवसर पर समाज के अनेक सेवाभावी साथियों ने सक्रिय भागीदारी की जिनमें राजेश मार्कण्डेय, गोलू कौशले, अविनाश घृतलहरे, लॉर्ड डेविड बंसल, दिनकर, राहुल भास्कर, सुनील पात्रे, अविनाश, राहुल, तामेश्वर, धर्मेंद्र चतुर्वेदी सहित अन्य नागरिक उपस्थिति रहे ।

## खबर संक्षेप

### राहुल बने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष



**बेमेतरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के पद जिले के जिला पंचायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा को चुनने के बाद युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया वही बेरला क्षेत्र के भाजयुमो नेता नितेश सोनी ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल के गृह निवास सिलघट पहुच कर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित किया व आगामी कार्य योजनाओं पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान राहुल टिकरिहा ने कहा हर कार्यकर्ताओं के साथ चलकर सरकार और संगठन के द्वारा दिये कार्यो का निर्वहन करूँगा तो वही भाजयुमो नेता सोनी ने कहा लंबे वर्षों इंतजार के बाद जिला बेमेतरा को प्रदेश अध्यक्ष जैसे पद पर नेतृत्व करने का यह अवसर मिला है हम सभी कार्यकर्ताओं को उम्मीद और विश्वास है प्रदेश अध्यक्ष बेहतरीन कार्य कर युवा मोर्चा की कार्यकाल को और ऐतिहासिक बनाएंगे मुलाकात के दौरान बेमेतरा भाजयुमो जिला अध्यक्ष व बलौदाबाजार, रायपुर सहित अन्य जिलों के पदाधिकारि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पौधारोपण कर किया लोगों को प्रेरित

**कवर्धा।** लोगों को पौध रोपण के लिए प्रेरित करने की मंशा से पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया के साथ पंडरिया तहसीलदार संजय मोध्या के सुपुत्र वेदांत मोध्या ने शनिवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर कुकदूर रोड स्थित वन विभाग कालोनी में बरगद व पीपल का पौधा रोपित किया। साथ ही लोगों को पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। श्री मोध्या व उनके परिवार के सभी सदस्य विशेष अवसरों पर समिति के साथ पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। इस दौरान समिति के मोहन राजपूत, अनुराग ठाकुर, चंद्रप्रकाश राजपूत, मोहन सिंह (राजू), हमीद खान, एस एल कुर्रे, गोविंद रजक, राजीव श्रीवास्तव, नगर पालिका के सीएमओ अमिताभ शर्मा, तहसीलदार संजय मोध्या सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### 1 और 2 सितम्बर को सरकारी नल रहेंगे बंद

**कवर्धा।** शहरवासियों को आने वाले दो दिन तक पानी की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। नगर पालिका परिषद कवर्धा ने मुनादी सूचना जारी कर बताया कि सरोधा केनाल में आई तकनीकी खराबी के चलते जल आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका प्रशासन के मुताबिक 01 सितम्बर सोमवार को शाम की पाली में पानी नहीं मिलेगा। इसी प्रकार 02 सितम्बर मंगलवार को सुबह और शाम दोनों पालियों में जलापूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि तकनीकी समस्या को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लिया जाएगा।

### रजत महोत्सव पर जिला जेल परिसर में विचाराधीन बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

बेमेतरा। जिला जेल में रजत महोत्सव पर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने सभी बंदियों का स्वास्थ्य जांच, परीक्षण ,परामर्श देते हुए,रक्त जांच किया गया। जिला जेल बेमेतरा में इस अवसर पर 140 विचाराधीन बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

यह स्वास्थ्य परीक्षण जिला जेल बेमेतरा स्वास्थ्य प्रभारी डॉ पवन वर्मा , दीपांजलि डेनियल नर्सिंग ऑफिसर द्वारा किया गया और सभी विचाराधीन बंदियों का जिला चिकित्सालय बेमेतरा एच आई वी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सर्विस के पुरानिक नायक परामर्शदाता द्वारा स्वास्थ्य परामर्श के साथ एचआईवी /एड्स फैलने के कारण और बचाव,यौन रोग, सिफीलिस,हेपेटाइटिस पर जानकारी देते हुए काउंसलिंग किया गया एवं एच सी टी एस एमएलटी संजय तिवारी द्वारा एच आई वी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी का रक्तजांच किया गया।

## कार्यक्रम : दूसरे दिन बारगांव खेल मैदान में खेल एवं फिटनेस वार्ता का हुआ आयोजन

# फिटनेस से मानसिक शांति, आत्मिक ऊर्जा व भावनात्मक स्थिरता का है संगम : तुलसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में, बारगांव खेल मैदान में खेल और फिटनेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं को खेल और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बालक और बालिकाओं की 50 मीटर दौड़ और रिले रेस के साथ हुई। इसके बाद बच्चों को योग का अभ्यास कराया गया, जिसमें पद्मासन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन और शवासन जैसे प्रमुख आसन शामिल थे। बच्चों को इन आसनों के फायदे भी बताए गए।

**स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का निवास-** इस अवसर पर व्यायाम शिक्षिका और जिला हॉकी संघ की सचिव तुलसी साहू ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद के खेलों में अमूल्य योगदान के कारण उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि व्यायाम हमारे तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि पहला सुख निरोगी काया होता है। साहू ने कहा कि नियमित व्यायाम और योग करने से शरीर में रक्त संचार बेहतर होता है और व्यक्ति उत्साही और आत्मविश्वास से भरा रहता है।



### फिटनेस एक संतुलित जीवन शैली

तुलसी साहू ने बताया कि फिटनेस सिर्फ भारी-भरकम व्यायाम करना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और संतुलित आहार लेना भी है। उन्होंने कहा कि व्यायाम और आहार दोनों मिलकर हमारे फिटनेस स्तर को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने फिटनेस के कई लाभ गिनाए, जैसे कि इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार, हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा, पुरानी बीमारियों का जोखिम कम करना और मानसिक शांति बनाए रखना। उन्होंने कहा, सच्चा स्वास्थ्य सिर्फ शरीर की फिटनेस नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक ऊर्जा और भावनात्मक स्थिरता का संगम है। उन्होंने बच्चों को फिटनेस को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हुईं प्रतियोगिताएं

**दल्लीराजहरा।** नगर पंचायत चिखलाकसा में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। 29 से 31 अगस्त तक आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इनमें खेल प्रतियोगिताएं, जागरूकता रैली, योग और फिटनेस गतिविधियां शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर फिट इंडिया शपथ ली और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां, विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्रों ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## अंचल में गणेश उत्सव की धूम...





**बेरला।** ब्लॉक बेरला अंचल सहित पूरे प्रदेश में गणेश चतुर्थी को लेकर बड़े हर्षोल्लास के साथ आकर्षक पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता, घरों में कई गई स्थापना। बता दें कि ब्लॉक बेरला के शहर व ग्रामीण अंचल में गणेश चतुर्थी को लेकर धूमधाम से स्थापना किया गया।

# जिले की छात्रा खेलेश्वरी साहू मेडिसिन रिमाइंडर वॉच राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रक्से की होनहार छात्रा खेलेश्वरी साहू ने अपनी नवाचारी सोच से जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग और स्पेस किड्ज इंडिया के सहयोग से आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया 11वां संस्करण (2025-26) में खेलेश्वरी का अनोखा प्रोजेक्ट मेडिसिन रिमाईंडर वॉच राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है। यह भव्य प्रतियोगिता 28 और 29 अगस्त 2025 को चेन्नई में आयोजित की गई। जहां देशभर से चुने गए 175 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। इन्हीं में से एक कबीरधाम जिले का यह अभिनव प्रोजेक्ट भी रहा। खेलेश्वरी ने अपने मेडिसिन रिमाईंडर वॉच प्रोजेक्ट के माध्यम से एक सरल, सस्ती और भरोसेमंद तकनीक प्रस्तुत की, जो लोगों को समय पर दवा लेने की याद दिलाती है। यह घड़ी अरुडिनो नैनो और आरटीसी पर आधारित है, जिसमें ओएलईडी डिस्प्ले दवा का संदेश दिखाता है और बजर अलार्म बजाकर यूजर को सूचित करता है। चार बटनों की मदद से समय सेट करना और अलार्म रोकना बेहद आसान हो जाता है। यह डिवाइस बुजुर्गों, रोगियों और व्यस्त लोगों के लिए महंगे स्मार्टवॉच का एक सस्ता व व्यवहारिक विकल्प है। खेलेश्वरी ने बताया कि 29 अगस्त 2025 को आयोजित विशेष सत्र में उन्हें कई महान व्यक्तित्वों से मिलने का अवसर मिला। इनमें विंग कमांडर जया तारे, इसरो वैज्ञानिक जी. सतीश कुमार, एनालॉग एस्ट्रोनॉट आस्था झाला, स्पेस किड्ज इंडिया की सीईओ एवं संस्थापक डा. श्रीमैथी केसन तथा फ्रांस के वैज्ञानिक ह्यूज बोइतू शामिल रहे। इस उपलब्धि ने न केवल खेलेश्वरी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को बढ़ावा दिया है, बल्कि जिले और प्रदेश के लिए भी गर्व का क्षण बनाया है।



# मुंगेलीडीह में खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था बिजली के पोल दे रहे दुर्घटना को न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्युत विभाग की अनदेखी और खस्ताहाल व्यवस्था के चलते ग्राम मुंगेलीडीह में गंभीर विद्युत संकट के साथ खतरा भी मंडराता दिखाई दे रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में बिजली सप्लाई के लिए विभाग द्वारा गाड़े गए अधिकांश विद्युत पोल देखरेख और रखरखाव के आभाव में झूक चुके हैं। कुछ विद्युत पोल की स्थिति तो इतनी खराब है कि वे नब्बे डिग्री तक झुक चुके हैं और कभी जमीदोज होकर न सिर्फ क्षेत्र की विद्युत सप्लाई को बाधित कर सकते हैं बल्कि क्षेत्रवासियों और मवेशियों के जीवलेवा खतरा भी उत्पन्न कर सकते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि इस अव्यवस्था के संबंध में कई बार विद्युत विभाग के लाईन मेन सहित जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई भी इस दिशा में कार्यवाही करते नहीं दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा विद्युत विभाग से क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को तत्काल दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।





## दानेश्वर दास महाराज बने छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता व सदस्यता अभियान प्रभारी

**बेमेतरा।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में सक्रिय रूप से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं पुजारी-पंडित समाज के संगठनात्मक विस्तार हेतु दानेश्वर दास जी महाराज को प्रदेश प्रवक्ता के साथ-साथ सदस्यता अभियान प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है।



यह नियुक्ति, संघ के प्रदेश संयोजक डॉ. सौरव निर्वाणी की अनुशंसा तथा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाला आवा मंदिर के प्रतिष्ठित पुजारी देवकुमार बाला दास की सहमति से नवागढ़ रामजानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास जी महाराज द्वारा संपन्न की गई।

छत्तीसगढ़, प्राचीनकाल से ही मठ-मंदिरों, पुरोहितों और सनातन परंपराओं की भूमि रही है। यहाँ के पुजारी-पंडित समाज की संगठित शक्ति ही धर्म की रक्षा, संस्कृति का संरक्षण और समाज का मार्गदर्शन करती रही है। आज जब सनातन मूल्यों और मठ-मंदिरों की स्वायत्तता पर प्रश्न उठ रहे हैं, तब अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने छत्तीसगढ़ में व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया है। धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ सौरव निर्वाणी ने बताया की मंदिर और मठ केवल उपासना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि यह सनातन संस्कृति की जड़ और जीवनदायिनी धारा हैं।

पुजारी एवं पुरोहित समाज को सम्मान और उचित मानदेय दिलाना संघ का मूल उद्देश्य है। संगठन का सदस्यता अभियान इस बात का प्रतीक है कि अब पुजारी-पंडित समाज एकजुट होकर अपनी परंपराओं, अधिकारों और स्वाभिमान की रक्षा करेगा।

## पॉक्सो एक्ट एवं अधिनियमों के प्रति जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे विधिक जागरूकता अभियान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देशानुसार जिले के सभी स्कूलों में पॉक्सो एक्ट एवं अन्य अधिनियमों के जागरूकता के संबंध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत आज नगर के अभ्युदय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गितेश कुमार कौशिक तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमन तिग्गा एवं व्यवहार न्यायाधीश सुश्री वर्षा गुर्दे के द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, मोटरयान अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सोशल मिडिया साईट के हानिकारक प्रभाव के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान करते हुए जागरूकता प्रदान की गई। जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशगण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में भी जानकारी दी गई साथ ही पॉक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधान जिसमें पीड़ित बालकों की गोपनीयता, पीड़ित बालकों के कथन उनकी सुविधानुसार स्थान में दर्ज कराने की व्यवस्था जैसे विभिन्न संरक्षक प्रावधानों के बारे में बालकों को अवगत कराते हुए वर्तमान समाज में विधिक जागरूकता की कमी से होने वाली हानियों को वास्तविक दृष्टांतो का उदाहरण प्रस्तुत कर विद्यालय में लगभग 200 छात्र-छात्राओं को जागरूकता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि इस दौरान विद्यार्थियों को उनकी जिज्ञासा के अनुरूप उत्तम चारित्रिक विकास व उसके निर्माण हेतु भी प्रेरित किया गया।



## आरंभ संस्था ने 320 स्कूली बच्चों को बांटे जूता, मोजा और कापी



**कवर्धा।** संस्था आरम्भ अ फर्स्ट स्टेप वेलफेयर सोसाइटी पटवारी सदस्य द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के विभिन्न स्कूलों के स्कूली बच्चों को सुगम शिक्षा और स्कूली शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंडरिया ब्लॉक के दूरस्थ वनाचल क्षेत्र के प्राथमिक शाला भूरभुसपानी, मजगांव, गभोड़ा, कुंडपनी, बिरहुलडीह, पंडारीपानी एवं माध्यमिक शाला पंडारीपानी व आश्रम पंडारीपानी के लगभग 320 बच्चों को जूता मोजा, कॉपी पेन वितरण किया गया। आरंभ संस्था के इस शानदार प्रयास से लाभान्वित स्कूलों के बच्चे जूता, मोजा और कापी पाकर खासे प्रशन्न नजर आए उनके चेहरे खुशी से खिन उठे। संस्था के सदस्यों ने कहा कि हम अधिक से अधिक स्कूल और बच्चों तक पहुंचकर उनको शिक्षा के साथ जोड़े रखे रहने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हमारी संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए जरुरी संसाधन देने का निरंतर प्रयास करना है।

## कलेक्टर ने वनांचल ग्राम उसरवाही में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण

# मिनी स्टेडियम का निर्माण समय-सीमा व उच्च गुणवत्ता के साथ कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर ने बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम उसरवाही में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की बारीकियों को परखा और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को तेज गति एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य सीधे जिले के युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गुणवत्ताहीन कार्य को हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले के युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर कबीरधाम जिले में 24 मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन स्टेडियमों के निर्माण पर कुल 12 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत व्यय की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। यदि गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत मिली, तो इसकी तत्काल जांच की जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी। विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना अनिवार्य होगा। कार्य में देरी या अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसी का भुगतान रोकने का निर्देश भी दिया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि मिनी स्टेडियम के निर्माण पूर्ण हो जाने पर जिले के युवा अपनी खेल प्रतिभा को और निखारने में सक्षम होंगे। इन स्टेडियमों से न केवल खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा, बल्कि बच्चों और युवाओं को विभिन्न खेलों में दक्षता अर्जित करने का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मिनी स्टेडियम जिले के युवाओं को सेना, पुलिस सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं के लिए आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। साथ ही, यह स्टेडियम ग्रामीण अंचल के युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ाने का भी माध्यम बनेंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने ठेकेदार और निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और खेल गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेंगे।




फाईल फोटो

